KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

# Weekly Test

## 100 Que.




KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
+91 875 735 4880 www.khanglobalstudies.com

1. आर्द्रभूमियों के संदर्भ में विचार कीजिए-
(i) स्थलीय व जलीय पारितंत्र के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(ii) इनके अंतर्गत समुद्री क्षेत्र भी शामिल होते हैं जिनकी गहराई निम्न ज्वार के समय 6 मीटर से अधिक हो।
(iii) रामसर सम्मेलन (1971) का संबंध आर्द्रभूमि संरक्षण से संबंधित हैं।
(iv) पृथ्वी के गुर्दे के रूप में कार्य करती हैं।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं-
**कूट :**
(a) (i), (ii) व (iv) (b) (ii), (iii) व (iv)
(c) (i), (ii) व (iii) (d) उपर्युक्त सभी कथन

2. निम्न में से सही कथन नहीं हैं-
(a) विचवरम मैंग्रोव क्षेत्र पश्चिमी तट पर स्थित है।
(b) भारत में सबसे बड़ा मैंग्रोव क्षेत्र पश्चिम बंगाल में है।
(c) सुंदरवन डेल्टा को 1987 में यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल किया गया।
(d) विश्व में सर्वाधिक मैंग्रोव का क्षेत्र इंडोनेशिया में मिलता हैं।

3. **कथन (A):** वायुमंडल में नमी की मात्रा अक्षांश से संबद्ध है।
**कारण (R):** नमी को जलवाष्प के रूप में रखने की क्षमता तापमान से संबंद्ध है।
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:
**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं, और R,A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं और R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं।
(c) A सही हैं, परंतु R गलत हैं।
(d) A गलत है, परंतु R सही हैं।

4. आग्नेय चट्टानों के लिय निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य हैं?
(a) उनमें पुराजीवाश्म बहुत कम होते हैं।
(b) वे जल के लिये सरंध्र होती हैं।
(c) वे क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दोनों ही होती हैं।
(d) इन चट्टानों में सिलिका नहीं होता हैं।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:-
1. दक्षिणी भारत से उत्तरी भारत की ओर मानसून की अवधि घटती है।
2. उत्तरी भारत के मैदानों में वार्षिक वृष्टि की मात्रा पूर्व से पश्चिम की ओर घटती है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही हैं/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

6. नेलांग घाटी किस राज्य में स्थित हैं।
(a) हिमाचल प्रदेश (b) सिक्किम
(c) जम्मू एवं कश्मीर (d) उत्तराखंड

7. शिवालिक श्रेणी का निर्माण हुआ-
(a) इयोजोइक में (b) पैलियोजोइक में
(c) मेसोजोइक में (d) सेनोजोइक में

8. शून्य अंश अक्षांश तथा शून्य अंश देशांतर अवस्थित हैं-
(a) अटलांटिक महासागर में (b) आर्कटिक महासागर में
(c) हिंद महासागर में (d) प्रशांत महासागर में

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भूकंप-लेखी (सीस्मोग्राफ) में S तरंगों से पूर्व P तरंगें अभिलिखित की जाती है।
2. P तरंगों में, अलग-अलग कण तरंग प्रसार की दिशा में आगे-पीछे कंपन करते हैं, जबकि S तरंगों में कण तरंग प्रसार की दिशा के समकोणीय ऊपर-नीचे कंपन करते हैं।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत)** | **सूची-II (देश)** |
|---|---|
| A. माउंट रेनर | 1. इटली |
| B. माउंट एटना | 2. मेक्सिको |
| C. माउंट पेरिकुटीन | 3. फिलीपींस |
| D. माउंट पो | 4. यू० एस० ए० |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

11. हिमालय पर्वत के साथ भारतीय प्लेट की सीमा किस तरह की प्लेट सीमा है?
(a) महासागरीय-महाद्वीपीय अभिसरण
(b) अपसारी सीमा (c) रूपांतर सीमा
(d) महाद्वीपीय-महाद्वीपीय अभिसरण

12. संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया में स्थित 'मृत घाटी' (डेथ वैली) निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?
(a) अपनतीय घाटी का (b) अभिनति घाटी का
(c) पूर्ववर्ती घाटी का (d) रिफ्ट घाटी का

13. कृषि की 'धान गहनता प्रणाली' का, जिसमें धान के खेतों का बारी-बारी से क्लेदन और शुष्कन किया जाता है, क्या परिणाम होता है?
1. बीज की कम आवश्यकता
2. मिथेन का कम उत्पादन
3. बिजली की कम खपत
नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

14. इल्मेनाइट जो कि भारतीय तटीय रेखा के साथ व्यापक रूप से वितरित है, किसका खनिज है?
(a) टंग्स्टन (b) टाइटेनियम
(c) गैलियम (d) टिन

15. हिमालय के किस भाग पर 'करेवा' भू-आकृति पाई जाती है?
(a) उत्तर-पूर्वी हिमालय (b) पूर्वी हिमालय
(c) हिमालय-उत्तराखंड हिमालय (d) कश्मीर हिमालय

16. सूची-I (प्राचीन स्थल) को सूची-II (पुरातात्वीय खोज) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| **सूची-I (प्राचीन स्थल)** | **सूची-II (पुरातात्वीय खोज)** |
|---|---|
| A. लोथल | 1. जुता हुआ खेत |
| B. कालीबंगा | 2. गोदीबाड़ा |
| C. धौलावीरा | 3. पक्की मिट्टी की बनी हुई हल की प्रतिकृति |
| D. बनावली | 4. हड़प्पन लिपि के बड़े आकार के दस चिह्नों वाला एक शिलालेख |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

17. निम्न में से किस हड़प्पन नगर में जुते हुए खेतों के निशान मिले हैं?
(a) कालीबंगा (b) धौलावीरा
(c) मोहनजोदड़ो (d) लोथल

18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I** (हड़प्पा संस्कृति की बस्ती) | | **सूची-II** (नदी जिस पर अवस्थित है।) | |
|---|---|---|---|
| A. | हड़पा | 1. | भोगवा |
| B. | कालीबंगा | 2. | घग्गर |
| C. | लोथल | 3. | रावी |
| D. | रोपड़ | 4. | सतलज |

**कूटः-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 | (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 | (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

19. सैंधव सभ्यता का महान स्नानागार कहां से प्राप्त हुआ है?
(a) मोहनजोदड़ो (b) हड़प्पा
(c) लोथल (d) कालीबंगा

20. सिंधु घाटी की सभ्यता के किस पुरास्थल से नाव के चित्र या मॉडल प्राप्त हुए हैं?
(a) हड़प्पा एवं कोटदीजी (b) कालीबंगा और रोपड़
(c) धौलावीरा एवं भगत्राव (d) मोहनजोदड़ो एवं लोथल

21. सिंधु सभ्यता के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) नगरों में नालियों की सुदृढ़ व्यवस्था थी।
(b) व्यापार और वाणिज्य उन्नत दशा में था।
(c) मातृदेवी की उपासना की जाती थी।
(d) लोग लोहे से परिचित थे।

22. सिंधु घाटी सभ्यता जानी जाती है
1. अपने नगर नियोजन के लिए
2. मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के लिए
3. अपने कृषि संबंधी कार्य के लिए एवं
4. अपने उद्योगों के लिए
नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।
**कूटः**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

23. दिल्ली का वह प्रथम सुल्तान कौन था, जिसने नियमित सिक्के जारी किए तथा दिल्ली को अपने साम्राज्य की राजधानी घोषित किया?
(a) नासिरुद्दीन महमूद (b) इल्तुतमिश
(c) आराम शाह (d) बलबन

24. मुस्लिम शासक, जिसका साम्राज्य दार-उल-इस्लाम का एक भाग माना जाता था?
(a) बलबन (b) रजिया
(c) इल्तुतमिश (d) नासिर-उद्-दीन

25. निम्नलिखित में से कौन इल्तुतमश का प्रतिद्वंद्वी नहीं था?
(a) ताजुद्दीन यल्दौज (b) नासिरुद्दीन कुबाचा
(c) अली मर्दान (d) मलिक अल्तुनिया

26. मंगोल आक्रमणकारी चंगेज खां भारत की उत्तर-पश्चिम सीमा पर निम्न में से किसके काल में आया था?
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) इल्तुतमिश
(c) बलबन (d) ऐबक

27. चंगेज खां के अधीन मंगोलों ने भारत पर आक्रमण किया-
(a) बलबन के शासनकाल में
(b) फिरोज तुगलक के शासनकाल में
(c) इल्तुतमिश के शासनकाल में
(d) मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. इल्तुतमिश के शासनकाल में, चंगेज खान भगोड़े ख्वारिज्म युवराज की खोज में सिंधु नदी तक पहुंचा था।
2. मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में, तैमूर ने मुल्तान पर अधिकार किया था और सिंधु नदी पार की थी।
3. विजयनगर साम्राज्य के देवराय द्वितीय के शासनकाल में, वास्कोडिगामा केरल के तट पर पहुंचा था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?-
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

29. अंग्रेजो द्वारा सिंध विजय संपन्न हुआ-
(a) लॉर्ड एलेनबरो के समय (b) लॉर्ड हार्डिन्ग के समय
(c) लॉर्ड ऑकलैंड के समय (d) लॉर्ड एमहर्स्ट के समय

30. किसने सिंध विजित कर उसका अधिकरण किया?
(a) वेलिंगटन (b) स्लीमन
(c) नेपियर (d) लोरेंस

31. भारतीय नागरिकता नहीं प्राप्त की जा सकती है-
(a) जन्म से (b) देशीकरण द्वारा
(c) किसी भू-भाग की समाविष्टि द्वारा
(d) भारतीय बैंक में धन जमा करके

32. अनुच्छेद-12 में मूल अधिकारों के संबंध में 'राज्य' की परिभाषा दी गई है। इसी संदर्भ में निम्न में से कौन से निकाय 'राज्य' की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं?
1. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक
2. भारतीय खाद्य निगम
3. अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण
**कूटः**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1,2 और 3

33. भारत के संविधान में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का कहाँ उल्लेख है?
(a) संविधान की उद्देशिका में
(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में
(c) मूल कर्तव्यों में (d) नौवीं अनुसूची में

34. भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किस समिति की सिफारिश पर भाग IV-A, मूल कर्त्तव्यों को शामिल किया गया था?
(a) सरकारिया आयोग (b) स्वर्ण सिंह समिति
(c) शेकटकर समिति (d) फजल अली समिति

35. मौलिक कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारत के मूल संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों पर एक पृथक भाग शामिल किया गया था।
2. छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने का कर्त्तव्य 86 वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**36.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. उपराष्ट्रपति के चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं।
2. औपचारिक महाभियोग द्वारा अपनी पदावधि पूर्ण होने से पूर्व उपराष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकता है।
3. उपराष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में सभी संदेह और विवादों की जाँच एवं निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किये जाते हैं, जिसका निर्णय अंतिम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

**37.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये–

| | **शक्तियाँ** | | **प्रावधान** |
|---|---|---|---|
| 1. | लघुकरण | - | दंड के एक स्वरूप के स्थान पर अपेक्षाकृत सरल दंड देना |
| 2. | विराम | - | दंड की प्रकृति में परिवर्तन किये बिना उसकी अवधि कम करना |
| 3. | प्रविलंबन | - | दंडादेश के निष्पादन पर अस्थायी रोक लगाना |
| 4. | परिहार | - | किसी विशेष परिस्थिति के कारण कम दंडादेश देना |

उपर्युक्त दिये गए युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4 (d) केवल 3 और 4

**38.** भारत के महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. उसके पास वहीं योग्यताएँ होनी चाहिये जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने को लिये आवश्यक होती हैं।
2. उसे उसी रीति से पद से हटाया जा सकता है जिस रीति से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न हो 2

**39.** निम्नलिखित में से किस समिति में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य होते हैं?
1. लोक लेखा समिति 2. लोक उपक्रम समिति
3. प्राक्कलन समिति
4. अनुसूचित जातियों व जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति

**कूट :**
(a) 1,2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपर्युक्त सभी।

**40.** भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद असभ राज्य के लिये विशेष उपबंध से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 371A (b) अनुच्छेद 371B
(c) अनुच्छेद 371C (d) अनुच्छेद 371D

**41.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन आपात की घोषणा केवल किसके दौरान हो सकती है?
(a) युद्ध, बाह्य आक्रमण या आंतरिक अशांति
(b) युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह
(c) राज्यों में संवैधानिक तंत्र की विफलता
(d) देश में वित्तीय अस्थिरता

**42.** निम्नलिखित में से किसे भारतीय संविधान के 'मूल कर्तव्यों' को सूची में सम्मिलित किया गया है?
(a) बच्चों के स्वस्थ विकास के लिये अवसरों को सुरक्षित करना।
(b) सभी बच्चों को 6 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना।
(c) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना।
(d) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद, ज्ञानार्जन और सुधार की भावना का विकास करना।

**43.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. भारत एक लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था है।
2. भारत एक प्रभुसत्ता सम्पन्न राज्य है।
3. भारत में लोकतांत्रिक समाज है।
4. भारत एक कल्याणकारी राज्य है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 केवल (b) 1, 2 और 3 केवल
(c) 2, 3 और 4 केवल (d) 1, 2, 3 और 4

**44.** राष्ट्रपति पाँच वर्ष तक अपने पद पर रहता है–
(a) अपने निर्वाचन की तारीख से
(b) संसद द्वारा निर्धारित तिथि से
(c) अपने पद ग्रहण के दिन से
(d) निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथि से

**45.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
**अभिकथन (A) :** भारत में मंत्री परिषद सामूहिक रूप से लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों के प्रति उत्तरदायी है।
**कारण (R) :** लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य संघीय सरकार में मंत्री बनने की पात्रता रखते हैं। नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**46.** अपवर्तनांक का मान रंगों की तरंगदैर्ध्य बढ़ाने पर
(a) बढ़ता है
(b) घटता है
(b) न बढ़ता है न घटता है
(d) इनमें से कोई नहीं

**47.** स्टेथोस्कोप (stethoscope) किस सिद्धांत पर काम करती है?
(a) धारा का ध्वनि में रूपांतरण
(b) ध्वनि का धारा में रूपांतरण
(c) ध्वनि का परावर्तन
(d) प्रकाश का परावर्तन

**48.** एक स्वतंत्र रूप से गिरते हुए पिंड द्वारा तय की गई दूरी निम्नलिखित में से किसके समानुपातिक होती है?
(a) पिंड के द्रव्यमान
(b) गुरुत्व के कारण त्वरण का वर्ग
(c) गिरने के समय का वर्ग (d) गिरने का समय

**49.** तत्व का परमाणु सबसे बड़ा ........ और परमाणु सबसे छोटा .......... ..होता है।

(a) O और F (b) Li और O

(c) Li और H (d) Fr और He

**50.** 4.5 मीटर लम्बी रस्सी से बांधा 2kg का पत्थर का टुकड़ा एक वृत्त पर घुमाया जाता है। इस पर रस्सी द्वारा किये गए कार्य का मान है।

(a) 9J (b) 2J

(c) शून्य (d) इनमें से कोई नहीं

**51.** कौन-सी राशि अधिक मिलेगी अगर सेलों को समांतर क्रम में सजाया जाये?

(a) वोल्टेज (b) शक्ति

(c) धारा (d) इनमें से कोई नहीं

**52.** 5KHz फ्रीक्वेंसी का अवधि काल कितना होगा?

(a) 0.4 मिली सेकंड (b) 0.2 मिली सेकंड

(b) 5.0 मिली सेकंड (d) 20 मिली सेकंड

**53.** निम्नलिखित में से किस तत्व की परमाण्वीय त्रिज्या सर्वाधिक है-

(a) Na (b) Mg (c) K (d) Ca

**54.** 'कूलिज नलिका' (ट्यूब) का प्रयोग क्या उत्पन्न करने के लिए किया जाता हैं?

(a) रेडियो तरंगे (b) सूक्ष्म तरंगे

(c) एक्स किरणें (d) गामा किरणें

**55.** एक यात्री एक चलती रेलगाड़ी में पाँच रुपए का सिक्का उछालता है। यदि सिक्का उसके पीछे गिरता है तो रेलगाड़ी

(a) एक समान त्वरण से ही चल रही है।

(b) एक समान मंदन से ही चल रही है।

(c) एक समान चाल से ही चल रही है।

(d) एक समान वेग से ही चल रही है।

**56.** यदि दूरी-समय ग्राफ समय अक्ष के समांतर है तो वस्तु-

(a) स्थिर चाल से चल रही है

(b) एक समान त्वरण से चल रही है

(c) विराम में है

(d) असमान चाल से चल रही है

**57.** पहिए में बॉल बेयरिंग का काम है-

(a) घर्षण को बढ़ाना

(b) गतिज घर्षण को बेल्लन घर्षण में बदलना

(c) स्थैतिक घर्षण को गतिज घर्षण में बदलना

(d) मात्र सुविधा के लिए

**58.** विमानों के आन्तरिक भागों की सफाई में किसका उपयोग किया जाता है?

(a) पराश्रव्य तरंग (b) सोडियम पेरॉक्साइड

(c) अपश्रव्य तरंग (d) कार्बन डाइऑक्साइड

**59.** घूर्णन कर रहे स्टूल पर एक व्यक्ति अपनी भुजाओं को पूरी फैलाकर बैठा हुआ है। यदि वह अपनी भुजाओं को समेट ले तो घूर्णन अक्ष के परित: उसका कोणीय संवेग-

(a) बढ़ जायेगा (b) कम हो जायेगा

(c) अपरिवर्तित रहेगा (d) दोगुना हो जायेगा

**60.** जब किसी बिम्ब को अवतल दर्पण के वक्रता केन्द्र तथा मुख्य फोकस के बीच रखा जाता है तो दर्पण द्वारा बना प्रतिबिम्ब होता है-

(a) वास्तविक, उल्टा तथा वस्तु से बड़ा

(b) वास्तविक, उल्टा तथा वस्तु में छोटा

(c) वास्तविक, उल्टा तथा वस्तु से बराबर

(d) काल्पनिक, सीधा और वस्तु से बड़ा

**61.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्परिवर्तन का सिद्धांत | A. | बीडल और टैटम |
| 2. | विकास का सिद्धांत | B. | जैकब और मोनोड |
| 3. | एक जीन एक एन्जाइम परिकल्पना | C. | डार्विन |
| 4. | ओपेरॉन अवधारणा | D. | डी ब्रीज |

**कूटः-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**62.** निम्न को सुमेलित कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकंद | A. | लहसुन |
| 2. | स्तंभ कंद | B. | जिमीकंद-सूरन |
| 3. | शल्क कंद | C. | अदरख |
| 4. | घनकंद | D. | आलू |

**कूटः-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**63.** जीवों में आनुवंशिक लक्षण सन्तान में ले जाए जाते हैं-

(a) राइबोसोम द्वारा (b) क्रोमोसोम द्वारा

(c) प्लाज्म द्वारा (d) लाइसोसोम द्वारा

**64.** मानव भ्रूण का हृदय कब स्पन्दन करने लगता है?

(a) अपने परिवर्धन के प्रथम सप्ताह में

(b) अपने परिवर्धन के तृतीय सप्ताह में

(c) अपने परिवर्धन के चतुर्थ सप्ताह में

(d) अपने परिवर्धन के छठे सप्ताह में

**65.** कड़वाहट के लिए मानव जीभ का संवेदनशील क्षेत्र है-

(a) नोक (टिप) (b) मध्य भाग

(c) पीछे का भाग (d) किनारा

**66.** सफेद रक्त कण का मुख्य कार्य है-

(a) ऑक्सीजन ढ़ोना (b) कार्बन डाइऑक्साइड ढ़ोना

(c) रोग प्रतिरोधक क्षमता (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**67.** प्रतिजन ऐसा पदार्थ है जो-

(a) शरीर ताप का काम करता है।

(b) हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करता है।

(c) प्रतिरक्षा तंत्र को प्रवर्तित करता है।

(d) विष के प्रतिकारक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**68.** मनुष्य शरीर में खून की शुद्धिकरण की प्रक्रिया को कहते हैं:

(a) डायलिसिस (b) हिमोलेसिस

(c) ओसमोसिस (d) पैरालेसिस

**69.** जब किसी वृक्ष की छाल, वृक्ष के आधार के पास से गोलाकार चारों तरफ से हटा दी जाती है, तो यह वृक्ष धीरे-धीरे सूख कर मर जाता है, क्योंकि-

(a) मृदा से जल वायव अंगों में नहीं पहुँच पाता।

(b) जड़ें ऊर्जा से वंचित रह जाती हैं।

(c) वृक्ष मृदा-जीवाणुओं से संक्रमित हो जाता है।

(d) जड़ों को श्वसन हेतु ऑक्सीजन नहीं प्राप्त हो पाता।

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| **विटामिन** | | **रोग** |
|---|---|---|
| (a) नियासिन | - | पेलैग्रा |
| (b) थायमिन | - | बेरी-बेरी |
| (c) विटामिन D | - | सूखा रोग |
| (d) विटामिन K | - | बंध्यापन |

**71.** कम्पनी कर वह कर है, जो लगता है-
(a) कम्पनी के उत्पादन पर (b) माल के बेचने पर
(c) कम्पनी की आय पर (d) वस्तुओं के स्टॉक पर

**72.** प्रधानमंत्री MUDRA योजना का लक्ष्य क्या है?
(a) लघु उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाना
(b) निर्धन कृषकों को विशेष फसलों की कृषि के लिए ऋण उपलब्ध कराना
(c) वृद्ध एवं निस्सहाय लोगों को पेंशन देना
(d) कौशल विकास एवं रोजगार सृजन में लगे स्वयंसेवी संगठनों का निधीयन करना

**73.** अदृश्य निर्यात का अर्थ होता है-
(a) सेवाओं का निर्यात
(b) प्रतिबन्धित सामान का निर्यात
(c) अलिखित सामान का निर्यात
(d) तस्करी से सामान का निर्यात

**74.** बैंक दर में वृद्धि सामान्यत: इस बात का संकेत है कि
(a) ब्याज की बजार दर के गिरने की संभावना है
(b) केंद्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्जे नहीं दे रहा
(c) केंद्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है
(d) केंद्रीय बैंक महँगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

**75.** भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के आंकड़े निम्नलिखित में से कौन-सा संस्थान/कार्यालय जारी करता है?
(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय
(d) उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

**76.** भारत में वस्तुओं और सेवाओं पर कर परोक्ष कर सुधार के भाग के रूप में लागू किया गया था। निम्न में से कौन-सी वस्तुओं और सेवाओं पर कर की विशेषताएँ है?
(a) वस्तुओं और सेवाओं पर कर वस्तुओं के उत्पादन अथवा वस्तुओं की बिक्री अथवा सेवाओं की उपलब्धता पर लागू होता है।
(b) वस्तुओं और सेवाओं पर कर वस्तुओं अथवा सेवाओं की आपूर्ति पर लागू होता है।
(c) वस्तुओं और सेवाओं पर कर गंतव्य आधारित उपभोग कर
(d) वस्तुओं और सेवाओं पर कर जीएसटी काऊंसिल द्वारा निर्धारित दरों पर वसूला जाता है।

**77.** मुद्रास्फीती की शून्य दर उस वर्ष में अवश्य मानी जाती है, जब-
(a) वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर शून्य रहे
(b) वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर घटती जाए
(c) वर्ष में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर घटे भी और बढ़े भी
(d) वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर स्थिर रहे

**78.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. वह केन्द्र सरकार का बैंक है।
2. मौद्रिक नीति बनाता है और लागू करता है।
3. वह अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सिलसिले में सरकार के एजेन्ट के रूप में कम करता है।
4. वह भारत सरकार के ऋणदान कार्यक्रम को संचालित करता है।

इन कथनों में से कौन-कौन से कथन सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

**79.** बैंकों में उपभोक्ता सेवाओं में सुधार का सुझाव देने के लिए निम्नलिखित में से किस समिति का गठन किया गया था?
(a) राजा चेलैया समिति (b) वर्मा समिति
(c) गोइपोरिया समिति (d) चक्रवर्ती समिति

**80.** वित्तीय निवेशों के विशिष्ट व्यवहार में, मंदड़िया (Bear) शब्द किसका द्योतक है?
(a) उस निवेश का, जो यह महसूस करता है कि अमुक प्रतिभूति की कीमत गिरने वाली है
(b) उस निवेशक का, जो यह महसूस करता है कि अमुक शेयरों की कीमत बढ़ने वाली है
(c) उस शेयरधारक या बॉण्डधारक का, जिसकी किसी, वित्तीय या अन्यथा, कंपनी में हिस्सेदारी है
(d) उस उधारदाता का, जो कर्ज देता है या बॉण्ड खरीदता है

**81.** 7वें हिंद महासागर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ....... में संबोधित किया था।
(a) बांग्लादेश (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) चीन (d) सिंगापुर

**82.** सरकार ने खाद्य सुरक्षा और मानक नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी। निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?
1. अब खाद्य उत्पादों के लिए खाद्य नियामक एफएसएसएआई से केवल एक प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी।
2. खाद्य उत्पादों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और एगमार्क से प्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी।

सही कोड चुनें?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमें से कोई भी नहीं

**83.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है।
2. अगले 4 वर्षों में इस योजना के लिए कुल 6000 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**84.** 8 फरवरी को सीसीईए द्वारा मोटूमारी-विष्णुपुरम का दोहरीकरण और मोटूमारी में रेल ओवर रेल को मंजूरी दी गई। दोनों परियोजनाओं को लगभग ........ रुपये की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी गई है।
(a) 1,170 करोड़ (b) 1,350 करोड़
(c) 1,740 करोड़ (d) 2,110 करोड़

**85.** डेंगू बुखार के मामलों में वृद्धि के कारण.........में स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया गया।
(a) टोक्यो (b) साओ पाउलो
(c) रियो डी जनेरियो (d) मनौस

**86.** लक्ष्मीनारायण अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार.........को प्रदान किया गया है।

(a) ए. आर. रहमान (b) अमित त्रिवेदी

(c) प्यारेलाल शर्मा (d) देवी श्री प्रसाद

**87.** तवांगचू टाइड्स इंटरनेशनल कयाकिंग चैंपियनशिप-2024.............. में आयोजित की गई।

(a) सिक्किम (b) नागालैंड

(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मणिपुर

**88.** 5 फरवरी को भारत के लिए एडीबी के देश निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(a) हायाओ मियाजाकी (b) मियो ओका

(c) ताकेशी कितानो (d) मसाकी कोबायाशी

**89.** रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण हासिल करने के लिए भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया 155 मिमी स्मार्ट गोला बारूद म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी में ......... द्वारा विकसित किया जाएगा।

(a) आईआईटी-बॉम्बे (b) आईआईटी-मद्रास

(c) आईआईटी-कानपुर (d) आईआईटी-दिल्ली

**90.** लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए सीटें आरक्षित करने का विधेयक पारित किया। निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?

1. यह जम्मू और कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989 के कुछ प्रावधानों में संशोधन करना चाहता है।
2. इसे केवल पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण प्रदान करने के लिए पारित किया गया है।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमें से कोई भी नहीं

**91.** नई दिल्ली में विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया है?

(a) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (b) उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़

(c) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (d) पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव

**92.** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 का लोगो, गान, शुभंकर, जर्सी और मशाल कौन लॉन्च करेगा?

(a) युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर

(b) युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक

(c) असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

(d) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**93.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड दूसरा राज्य बन गया।
2. उत्तराखंड की समान नागरिक संहिता राज्य की अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होगी।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमें से कोई भी नहीं

**94.** फारूक नाजकी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह एक प्रसिद्ध ........... थे।

(a) समाज सेवक (b) वैज्ञानिक

(c) पत्रकार (d) फिल्म निर्देशक

**95.** स्वदेशी सीएआर-टी सेल थेरेपी से पहला मरीज 'कैंसर-मुक्त' हुआ। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने अक्टूबर 2023 में नेक्ससीएआर 19 सेल थेरेपी के व्यावसायिक उपयोग को मंजूरी दी।
2. थेरेपी में कैंसर से लड़ने के लिए रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली को आनुवंशिक रूप से पुनः प्रोग्राम करना शामिल है।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

**96.** आरबीआई ने लगातार छठी बार रेपो रेट को ............ पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया।

(a) 5.5 फीसदी (b) 6.5 फीसदी

(c) 4.5 फीसदी (d) 7.5 फीसदी

**97.** टाटा ट्रस्ट्स द्वारा भारत का पहला अत्याधुनिक लघु पशु अस्पताल... ..........में लॉन्च किया गया।

(a) इर्न दिल्ली (b) मुंबई

(c) बंगलोर (d) जमशेदपुर

**98.** विश्व दलहन दिवस 2024 का विषय क्या है?

(a) दालें: मिट्टी और लोगों को पोषण देने वाली

(b) स्थायी भविष्य के लिए दालें

(c) स्थायी कृषि खाद्य प्रणालियों को प्राप्त करने में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए दालें

(d) लवपल्स

**99.** निम्नलिखित में से किसे भारत रत्न मिलेगा?

(a) पीवी नरसिम्हा राव (b) चौधरी चरण सिंह

(c) एमएस स्वामीनाथन (d) ऊपर के सभी

**100.** निम्नलिखित में से किन देशों को विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के लिए सम्मानित अतिथि नामित किया गया है?

(a) भारत, फ्रांस और कतर (b) भारत, तुर्किये और कतर

(c) इटली और कतर (d) पाकिस्तान और भारत

❑❑❑

# KHAN GLOBAL STUDIES

Most Trusted Learning Platform

**Download The Khan Global Studies App**



GET IN ON Google Play

Download on the App Store

## Our Centres

**Patna** **Delhi** **Prayagraj**

**Jaipur** **Dehradun**

## Visit Us

YouTube | Website | Telegram | Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com